

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-11 शुक्रवार, दिनांक-05 मार्च, 2021 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 05 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1095 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में स्थानांतरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1086 स्थगित ।

(vi) 143 तारांकित प्रश्न अनागत ।

आसन द्वारा प्रश्नोत्तर के दौरान स्वास्थ्य विभाग से सभी प्रश्नों के उत्तर ससमय आ जाएं इस ओर विभागीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया गया ।

[2] **आसन की सूचना**:-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध तारांकित कुल -163 प्रश्नों में से 113 का उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हो गया है जो लगभग 70 प्रतिशत है ।

[3] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री महा नंद सिंह | (ii) | श्री अरूण सिंह |
| (iii) | श्री रामबली सिंह यादव | (iv) | श्री कृष्णनंदन पासवान |
| (v) | श्री पवन कुमार जायसवाल | (vi) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (vii) | श्री सुधाकर सिंह | (viii) | श्री राकेश कुमार रौशन |
| (ix) | श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी | (x) | श्रीमती भागीरथी देवी |
| (xi) | श्री मिथिलेश कुमार | (xii) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xiii) | श्री मुरारी मोहन झा | (xiv) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (xv) | श्री विनय बिहारी | (xvi) | श्री मनोज कुमार यादव |
| (xvii) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (xviii) | श्री पवन कुमार यादव |
| (xix) | श्री विनय कुमार | (xx) | श्री मुकेश कुमार यादव |
| (xxi) | श्री शहनवाज | (xxii) | श्री शमीम अहमद |
| (xxiii) | श्री प्रणव कुमार | (xxiv) | श्री मो० नेहालउद्दीन |
| (xxv) | श्री आनन्द शंकर सिंह | (xxvi) | श्री भूदेव चौधरी |
| (xxvii) | श्री ललन कुमार | (xxviii) | श्री आलोक कुमार मेहता |
| (xxix) | श्री अरूण शंकर प्रसाद | (xxx) | श्री मो० अनजार नईमी |
| (xxxi) | श्री रणविजय साहू | (xxxii) | श्री प्रकाश वीर |
| (xxxiii) | श्री गोपाल रविदास | (xxxiv) | श्री विद्या सागर केशरी |
| (xxxv) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | (xxxvi) | श्रीमती वीणा सिंह |
| (xxxvii) | श्री सुदामा प्रसाद | (xxxviii) | श्री अमरजीत कुशवाहा |
| (xxxix) | श्री अचमित ऋषिदेव | (xl) | श्री मनोज मंजिल |
| (xli) | श्री संदीप सौरभ | (xlii) | श्री राजवंशी महतो |
| (xliii) | श्री राजेश कुमार सिंह | (xliv) | श्री महबूब आलम |
| (xlv) | श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह | (xlvi) | श्री रामविशुन सिंह |
| (xlvii) | श्री सुनील मणि तिवारी | | |

**शून्यकाल के दौरान माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र द्वारा एक दैनिक समाचार पत्र में छपे समाचार जिसमें माननीय मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग श्री मुकेश सहनी पर हाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं न जाकर अपने भाई को भेजने का मामला उठाया गया ।**

**माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं इसका संज्ञान लिया गया ।**

माननीय सदस्य श्री विनय बिहारी एवं श्री सुदामा प्रसाद को उनकी शून्यकाल की सूचना के संक्षिप्त होने के कारण आसन द्वारा धन्यवाद दिया गया ।

**[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री जनक सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री जनक सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग श्री संजय कुमार झा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री युसुफ सलाहउद्दीन एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना समय अभाव के कारण आसन द्वारा इसे दिनांक-09.03.2021 (मंगलवार) को सूचीबद्ध करने का निदेश दिया ।

**[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-**

1. माननीय सभापति, लोक लेखा समिति श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा समिति का 704वां एवं 706वां प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.01 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[6] **वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-05 (उद्योग विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा पर्यटन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, उद्योग विभाग, श्री सैयद शाहनवाज हुसैन द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से उद्योग विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव एवं इस पर प्रस्तुत कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री भारत भूषण मंडल
(ii) श्रीमती शालिनी मिश्रा
(iii) श्री कुमार सर्वजीत
(iv) श्री विजय कुमार खेमका
(v) श्री अनिल कुमार साहनी
(vi) श्री बिजय सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री प्रेम कुमार द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(vii) श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता
(viii) श्री ललन कुमार
(ix) श्री मो० अनजार नईमी
(x) श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी
(xi) श्री ऋषि कुमार
(xii) श्री नरेन्द्र कुमार नीरज
(xiii) श्री आलोक कुमार मेहता
(xiv) श्री राज कुमार सिंह
(xv) श्री पवन कुमार यादव

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] **कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक:-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि सोमवार, दिनांक-08 मार्च, 2021 को 10.00 बजे पूर्वाह्न में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक उनके कार्यालय कक्ष में होगी ।

[8] **आसन का संदेश:-**

आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमलोग इस द्वितीय सत्र के दूसरे सप्ताह के अन्तिम दिन में पहुँच गए हैं । इस अवधि में सदन में आपकी भागीदारी और लोक महत्व के मुद्दों पर आपकी संवेदनशीलता सराहनीय रही है । आसन द्वारा महसूस किया गया कि प्रतिदिन शून्यकाल के बाद ध्यानाकर्षण सूचना के दौरान माननीय सदस्यगणों की उपस्थिति प्राय: कम हो जाती है, जबकि इस दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य निपटाये जाते हैं ।

पटल पर रखे गए नियमावली एवं अन्य सूचनाओं से अवगत होने एवं अधिक से अधिक सदन की कार्यवाही में आपकी भागीदारी होने से इस सर्वोच्च संस्था की गुणवत्ता बढ़ेगी और प्रजातंत्र के मन्दिर का सम्मान बढ़ेगा । आसन द्वारा अनुरोध किया गया कि माननीय सदस्यगण अति आवश्यक कार्य होने पर भी सदन के कार्य को प्राथमिकता दें और उनके द्वारा इस पर सकारात्मक पहल की अपेक्षा की गई ।

तदुपरान्त माननीय उप मुख्यमंत्री सह मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, श्रीमती रेणु देवी द्वारा विभाग से संबंधित जानकारी से सदन को अवगत कराया गया ।

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, उद्योग विभाग, श्री सैयद शाहनवाज हुसैन द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा उद्योग विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[9] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 39 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-08 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-05.03.2021

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।